APO – 2016 (Main)

*No. of Printed Pages : 4*

**APA-03**

**2016**

# विधि – I

**(आपराधिक विधि और प्रक्रिया पुलिस अधिनियम सहित)**

**प्रश्नपत्र - III**

# LAW – I

**(Criminal Law and Procedure with Police Act)**

**Paper - III**

***निर्धारित समय : तीन घण्टे]*** ***[ पूर्णांक : 100***

***Time allowed : Three Hours]*** ***[Maximum Marks : 100***

**नोट :** *(i) कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है । प्रत्येक भाग 'क', 'ख' तथा 'ग' में से कम से कम **एक** प्रश्न अवश्य कीजिए ।*

*(ii) **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं अर्थात् 20 अंक ।*

**Note :** *(i) Attempt **five** questions in **all**. Question No. 1 is compulsory. Attempt at least **one** question from each part, namely Part 'A', 'B' and 'C'.*

*(ii) **All** Questions carry equal marks i.e. **20** marks.*

1. सभी **पाँच** खण्डों का उत्तर दीजिए । प्रत्येक खण्ड का उत्तर लगभग **एक सौ** शब्दों में दीजिए ।

(i) "किसी व्यक्ति के फायदे के लिए सम्मति से सद्भावपूर्वक किया गया कार्य, जिससे मृत्यु कारित करने का आशय नहीं हैं तथा उससे कोई अपहानि होती है तो उसे अपराध नहीं माना जाएगा ।" विवेचना कीजिए । **4**

(ii) उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जब सम्पत्ति की प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित करने तक का होता है । **4**

(iii) अजमानती अपराध की दशा में जमानत कब दी जा सकती है ? क्या जमानत सशर्त दी जा सकती है ? **4**

(iv) जब 24 घण्टों में अन्वेषण पूरा न किया जा सके, तब इस सम्बन्ध में दण्ड प्रक्रिया संहिता में क्या प्रावधान हैं ? **4**

(v) उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत 'राज्य पुलिस बोर्ड' की संरचना एवं कृत्यों पर संक्षिप्त लेख लिखिए । **4**

Answer all **five** parts, each in about **100** words :

(i) "Act not intended to cause death, done by consent in good faith for person's benefit and if it causes any harm is not an offence." Discuss.

(ii) Discuss the circumstances under which the right of private defence of property extends to causing death.

(iii) When can bail be granted in case of non-bailable offence ? Can bail be granted subject to conditions ?

(iv) What are the provisions under Criminal Procedure Code for investigation which is not completed within 24 hours ? Explain.

(v) Write a short note on the composition and functions of 'State Police Board' under the Uttarakhand Police Act, 2007.

## भाग – क

## PART – A

2. (क) भारतीय दण्ड संहिता में प्रलक्षित दायित्व के विभिन्न प्रावधानों की विवेचना कीजिए । **10**

(ख) "आपराधिक विधि में विकृत-चित्तता एक विधिमान्य प्रतिरक्षा है ।" स्पष्ट कीजिए । **10**

(a) Discuss the various provisions of the Indian Penal Code relating to Constructive Liability.

(b) "Unsoundness of mind is a valid defence in criminal law." Explain.

3. (क) "सामान्यतः तैयारी के चरण में आपराधिक दायित्व नहीं होता है पर प्रयत्न के चरण में होता है ।" उल्लेख कीजिए । **10**

(ख) 'आपराधिक दुर्विनियोग' तथा 'आपराधिक न्यासभंग' को समझाइए और दोनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए । **10**

(a) Generally stage of preparation is not a liability under criminal law but stage of attempt is." Explain.

(b) Explain the term 'Criminal misappropriation' and 'Criminal beach of trust' and differentiate between the two.

4. (क) दृष्टांतों और निर्णय विधि की सहायता से "दहेज मृत्यु" और "किसी स्त्री के पति या पति के नातेदार द्वारा उसके प्रतिक्रूरता करना" के उपबन्धों को समझाइए । इस विषय की विधि में सुधार करने के लिए अपने सुझाव दीजिए । **10**

(ख) 'विधिपूर्ण संरक्षता से व्यपहरण' तथा 'अपहरण' से आप क्या समझते हैं ? इनमें अन्तर स्पष्ट कीजिए । **10**

(a) With the help of illustrations and case law, explain the provisions of "dowry death" and "husband or relative of husband of a woman subjecting her to cruelty". Make your suggestions to improve the law on this subject.

(b) What do you understand by 'kidnapping from lawful guardians' and 'abduction'. Distinguish between the two.

## भाग – ख

## PART – B

5. (क) अग्रिम जमानत के प्रावधानों एवं मूलभूत सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए । क्या अग्रिम जमानत हत्या के प्रकरण में भी ली जा सकती है ? यदि हाँ, तो कब ? **10**

(ख) किसी व्यक्ति को किन परिस्थितियों में अच्छा व्यवहार बनाये रखने के लिए बन्ध-पत्र निष्पादित करने हेतु आदेशित किया जा सकता है ? ऐसा आदेश पारित करने के लिए मजिस्ट्रेट द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **10**

(a) Analyse the provisions and fundamental principles about the grant of anticipatory bail. Can such a bail be allowed in a murder case ? If so, when ?

(b) In what circumstances a person can be ordered to execute a bond for maintaining good behaviour ? Describe the procedure which a magistrate should follow in passing such order.

6. (क) भारत में आपराधिक न्यायालयों की विभिन्न श्रेणियों का उल्लेख कीजिए । प्रत्येक की दण्ड की अधिकतम अवधि का भी उल्लेख कीजिए जो वे अधिनिर्णीत कर सकती हैं । **10**

(ख) 'आरोप' से आप क्या समझते हैं ? आरोप की अन्तर्वस्तु का वर्णन कीजिए तथा समझाइए कि कब कई आरोपों का एक साथ विचारण किया जा सकता है ? **10**

(a) Describe the various classes of criminal courts in India and also discuss the maximum sentences which they can award.

(b) What do you mean by the term "Charge". Describe the contents of a charge and explain when several charges be tried together ?

7. (क) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अन्तर्गत अपील न्यायालय की शक्तियों की विवेचना कीजिए । **10**

(ख) सैशन न्यायालय के समक्ष विचारण की कार्यवाही को संक्षिप्त में बताइए । **10**

(a) Discuss the powers of Appellate Court under the Code of Criminal Procedure, 1973.

(b) Briefly state the procedure of trial before a court of session.

## भाग – ग

## PART – C

8. (क) उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत पुलिस बल के गठन एवं संगठन की संक्षिप्त विवेचना कीजिए। **10**

(ख) उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति, पद से हटाने एवं उसके मुख्य कृत्यों के सम्बन्ध में क्या प्रावधान हैं ? स्पष्ट कीजिए। **10**

(a) Discuss briefly the constitution and organizational setup of police force under the Uttarakhand Police Act, 2007.

(b) What are the provisions under the Uttarakhand Police Act, 2007 dealing with the appointment, removal and main functions of Director General of Police ? Explain.

9. (क) पुलिस अधीक्षक द्वारा क्या-क्या अनुशासनिक शास्तियाँ लगाई जा सकती हैं ? **10**

(ख) 'राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण' की संरचना, कृत्य एवं शक्तियों की विवेचना कीजिए। **10**

(a) What disciplinary penalties may be awarded by Superintendent of Police ?

(b) Discuss the composition, functions and powers of the 'State Police Complaint Authority.

10. (क) किसी अभियुक्त की अभिरक्षा एवं जमानत के सम्बन्ध में किसी पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी के क्या कर्तव्य हैं ? बतलाइए। **10**

(ख) लोक अभियोजक के कर्तव्य क्या हैं ? आप इस मत से कहाँ तक सहमत हैं कि आपराधिक न्याय प्रशासन में लोक अभियोजक की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है ? **10**

(a) What are the duties of Officer-in-charge of a Police Station regarding custody and bail of an accused person ?

(b) What are the duties of Public Prosecutor ? How far do you agree with the view that a Public Prosecutor plays an important role in criminal justice administration ?